
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

06 अक्टूबर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कभी भी यह नहीं मानना चाहिए कि आप जो कर रहे हैं वह सबसे अच्छा है बल्कि हमेशा बेहतर तरीके खोजना चाहिए।

**अजीम प्रेमजी**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

6 अक्टूबर

## मधु प्रिया

# शिवहर जिला की स्थापना 6 अक्टूबर




शिवहर पहले मुजफ्फरपुर फिर हाल तक सीतामढी जिले का अंग रहा है। इस क्षेत्र का स्थान हिंदू धर्मशास्त्रों में अति महत्वपूर्ण है। त्रेता युग में भगवान राम की पत्नी देवी सीता का जन्म सीतामढी के निकट पुनौरा में हुआ था। महाजनपद काल में यह वैशाली के बज्जिसंघ फिर मगध साम्राज्य का हिस्सा बना। भौगोलिक दृष्टिकोण से शिवहर तिरहुत का अंग रहा है। शिवहर जिला तिरहुत प्रमंडल का सबसे छोटा जिला है | जिला बनने से पहले यह सीतामढ़ी जिला का अनुमंडल था । यह सीतामढ़ी से 06-10-1994 में अलग हुआ।शिवहर जिला 443 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है । और इसकी आवादी करीब 656916(2011 जनगणना के अनुसार ) है | यह जिला हराभरा और साफ़-सुथरा है| कदम्ब और टीक के पेड़ मुख्य रूप से पाए जाते हैं। नील गाय यहाँ की क्षेत्रीय पशु है | कृषि यहाँ की मुख्य जीविका है | यह बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है । |बाढ़ का मुख्य कारण बागमती और बूढी गंडक नदी है | देकुली यहाँ की पवित्र स्थल है। 2011 के जनगणना के अनुसार शेखपुरा के बाद सबसे कम आवादी वाला जिला शिवहर है | यह जिला तीन जिला से घिरा हुआ है। उत्तर और पूर्व दिशा में सीतामढ़ी ,पश्चिम में पूर्वी चम्पारण और पश्चिम में मुजफ्फरपुर शिवहर जिले में सिर्फ एक अनुमंडल है जो की शिवहर है | यातायात का मुख्य साधन सड़क है |

/teachersofbihar

# जयंती विशेष 06 अक्टूबर



तारों में भौतिक एवं रासायनिक स्थिति की व्याख्या कर 'साहा समीकरण' का प्रतिपादन करने वाले

भारत के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री

## मेघनाथ साहा जी

की जयंती पर शत-शत नमन।

**मेघनाथ साहा** *Meghnad Saha*; जन्म- 6 अक्टूबर, 1893, पूर्वी बंगाल; मृत्यु- 16 फ़रवरी, 1956) गणित व भौतिकी के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण कार्य करने वाले भारतीय वैज्ञानिक थे। उनके अथक प्रयासों से ही 'इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर फ़िज़िक्स' की स्थापना हुई थी। डॉ. मेघनाथ साहा ने तारों के ताप और वर्णक्रम के निकट संबंध के भौतकीय कारणों को खोज निकाला था।

# MATH TLM

Class-6to8

50

## महत्वपूर्ण सूत्र ब्याज

- मूलधन = मिश्रधन - ब्याज

जैसे - मिश्रधन = 40000 रू , ब्याज = 2000 रु , मूलधन = ?

हल:- मिश्रधन= 40000-2000

=38000रू

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर

## भारत के लिए बतौर ओपनर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

| प्लेयर | टेस्ट | रन | शतक |
|---|---|---|---|
| सुनील गावस्कर | 119 | 9607 | 33 |
| वीरेंद्र सहवाग | 98 | 8124 | 22 |
| मुरली विजय | 57 | 3880 | 12 |
| केएल राहुल | 54 | 3435 | 10 |
| रोहित शर्मा | 38 | 2697 | 9 |

## भारत के लिए 2025 में एक टेस्ट पारी में 3+ शतक

| खिलाफ | कहां | प्लेयर्स |
|---|---|---|
| इंग्लैंड | लीड्स | यशस्वी, शुभमन, पंत |
| इंग्लैंड | मैनचेस्टर | जडेजा, शुभमन, सुंदर |
| वेस्टइंडीज | अहमदाबाद | राहुल, जुरेल, जडेजा |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.10.2025

## बहुआयामी विकास

बहुआयामी विकास का अर्थ है कि इसमें केवल एक पहलू नहीं, बल्कि शारीरिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और सामाजिक जैसे कई विभिन्न आयाम शामिल होते हैं, जो जीवनभर एक-दूसरे से बातचीत करते हुए बदलते रहते हैं. यह दर्शाता है कि विकास में लाभ और हानि दोनों की संभावना होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




भारत की **सिमरन शर्मा** ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। उन्होंने **विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025** में महिलाओं की **100 मीटर** दौड़ में 11.95 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय लेकर **स्वर्ण पदक** जीता है।

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी फल

### अंजीर



मुझमें विटामिन ए, सी, ई, के, बी 6, आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, बोरोन, मैग्नीशियम और मैंगनीज जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं।

Anu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
“
जो अप्राप्त है,
उसे पा लेना कठिन नहीं है
परन्तु जो प्राप्त है,
उसे खोकर फिर पाना
अत्यन्त कठिन है।
महादेवी वर्मा
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मेघनाथ साहा
जन्म- 6 अक्टूबर 1893
मृत्यु- 16 फरवरी 1956
www.teachersofbihar.org
Madhu priya